मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 अंक - 30 मुंबई, सोमवार, दिनांक 17 अप्रैल से 23 अप्रैल 2023 पृष्ठ : 8 कीमत : 3 /- रुपये




# भारतीय सिनेमा की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने दादर स्थित श्री सिद्धिविनायक मंदिर में गणपति बाप्पा का दर्शन किया



**इस मौके पर श्रीसिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के विश्वस्त राजाराम देशमुख ने उन्हें बाप्पा की सुंदर और आकर्षक मूर्ति देकर सम्मानित किया।श्री देशमुख ने श्रीसिद्धिविनायक मंदिर देवस्थान ट्रस्ट के विविध सामाजिक और शैक्षणिक कार्यों की जानकारी प्रियंका चोपड़ा से बातचीत करते हुए दी।**


**फोटोः-कपिलदेव खरवार**

# 14 मई 2023 को समाज रत्न सम्मान समारोह

## लगातार 18 सालों से समाज रत्न सम्मान समारोह का आयोजन

**मुंबई,** चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन और चार कदम समाचार पत्र के संयुक्त तत्वाधान में लगातार 18 सालों से समाज रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है.







19 वा समाज रत्न सम्मान समारोह 14 मई 2023 को दिल्ली के न्यू महाराष्ट्र सदन केजी मार्ग में होने जा रहा है यह समारोह मैं मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्री सुशील गुप्ता जी एडिशनल डीसीपी नॉर्थ ईस्ट सुबोध कुमार गोस्वामी जी, विजिलेंस के एसीपी श्री वीरेंद्र पूंजी जी, रिटायर्ड इंजीनियर दिल्ली सरकार श्री हंस कुमार जी, वरिष्ठ समाजसेवी श्री मूलचंद सोलंकी जी, सेना के रिटायर्ड जनरल श्री पीके सहगल, श्री रामनिवास गोयल जी अध्यक्ष दिल्ली विधानसभा, श्रीमती मीनाक्षी लेखी, सप्तहिक कदम कदम पर के सम्पादक छोटेलाल शर्मा और प्रबंध सम्पादक अनिल शर्मा को कार्यक्रम के लिए आमंत्रण पद दिया गया है और आशा करते हैं कि इन लोगों के द्वारा समाज के अलग-अलग वर्गों से करीब 30 लोगों को समाज रत्न से सम्मानित करेंगे इस बार महात्मा गांधी पुरस्कार बाबासाहेब आंबेडकर पुष्कर जननायक कपूरी ठाकुर पुरस्कार और मदर टेरेसा पुरस्कार से भी 4 लोगों को सम्मानित किया जाएगा आप सभी इस कार्यक्रम में पहुंचकर संस्था का सहयोग करें. धन्यवाद

# समाज रत्न अवार्ड से सम्मानित होंगी छत्तीसगढ़ की संध्या चंद्रसेन व मनीषा सैमुएल

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** नई दिल्ली की संस्था चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित 19वें समाज रत्न के लिए विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी की सचिव संध्या चंद्रसेन और मनीषा सैमुएल का चयन किया गया है।




विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी यह सम्मान प्राप्त करने वाली छत्तीसगढ़ की एकमात्र समाज सेवी संस्था है। यह सम्मान उन्हें 14 मई को नई दिल्ली के न्यू महाराष्ट्र सदन में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। चार कदम फाउंडेशन पिछले अठारह वर्षो से यह सम्मान प्रदान करती आ रही है। इसमें समाज में अग्रणी कार्य करने वाले पुरुष महिलाओं को समाज रत्न पुरस्कार से नवाजा जाता है। विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी की सचिव संध्या चंद्रसेन और मनीषा सैमुएल का चयन नर्सिंग और समाज सेवा के लिए किया गया है।

संध्या गरीब तबके के बच्चों को नर्सिंग की ट्रेनिंग देती हैं जो बच्चे दसवीं बारहवीं से आगे आर्थिक समस्या की वजह से आगे पढ़ाई नहीं कर पाते। इसके अलावा गरीब महिलाओं को अगरबत्ती, साबुन, शेम्पू, झाड़ू और टोकरी बनाने का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित करती हैं ।



**अपना खून देकर एक बच्चे के जीवन को बचाने का अवसर प्राप्त हुआ टाटा हॉस्पिटल में एडमिट कैंसर पीड़ित बच्चे का ऑपरेशन था जिसमे खून के बदले खून देना था अपने समाज के भाई का कॉल आया अपनी बात रखा मैं तुरंत पहुंचकर अपना खून देकर बच्चे का ऑपरेशन कराया ह्य समाज सेवा का कोई आकार प्रकार नहीं होता है जहा मौका मिले सहयोग करना चाहिए**

**धन्यवाद - अनिल शर्मा** (प्रबंध सम्पादक)

# विपक्षी नेता अजित पवार ने सीएम शिंदे और फडणवीस से की मुलाकात

# अफवाहों का बाजार गर्म

**महाराष्ट्र :** विपक्ष के नेता अजित पवार ने बुधवार को स'ाद्री गेस्ट हाउस में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की।

करीब एक घंटे हुई तीनों के बीच मुलाकात के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में चचाओं का बाजार गर्म है।

हाल ही में राकांपा प्रमुख शरद पवार और अजित पवार ने ऐसे बयान दिए जो भाजपा के पक्ष में नजर आए। अदाणी मामले में शरद पवार की टिप्पणी ने मीडिया का सबसे अधिक ध्यान खींचा,



जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार व्यवसायी गौतम अदाणी और उनके व्यापारिक समूह के खिलाफ सवाल उठाते रहे हैं। टीवी चैनल से बातचीत करते हुए एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने अदाणी का समर्थन किया था।

**महाराष्ट्र शासन**

**कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,**
**दक्षिण मुंबई (विद्युत) सा.बां.विभाग, मुंबई**
**बांधकाम भवन, १ ला मजला, मर्झबान रोड, फोर्ट, मुंबई-०१.**

**मेल पत्ता :-** elsouthmumbai.ee@mahapwd.gov.in **दूरध्वनी क्रमांक-०२२-२२००८४४८**

**ई निविदा सुचना क्र. ०२ सन २०२३-२४**

कार्यकारी अभियंता दक्षिण मुंबई (विद्युत) विभाग, सा.बां.विभाग, मुंबई फोर्ट, मुंबई, महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम खात्याकडून विद्युत अनुज्ञापतीधाकर कंत्राटदाराकडून खालील कामाकरिता प्रारुप बी-१ नमून्यातील निविदा ई-निविदा प्रणालीव्दारे (ऑनलाईन) निविदा मागवित आहेत. निविदा कादपत्र शासनाच्या संकेतस्थळावर https://mahatenders.gov.in येथून डाऊनलोड करण्यात यावी. तसेच निविदा स्वीकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता दक्षिण मुंबई (विद्युत) विभाग, सा.बां.विभाग, मुंबई यांना राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्वीकारण्यात येणार नाही.

**कामाचे नांव :-** 1) Est. No. CR/MESD/MS/3681 of 2022-23 Providing Fully comprehensive maintenance and Operations of Audio & Video system installed in Cabinet Hall. Meeting Halls of Hon. CM DCM & CS office in main building Mantralaya. Mumbai. (For 3 Years).

**अंदाजित किंमत रुपये :** 1,90,18,572/-

**ई- निविदा पुर्व बैठक वेळ व ठिकाण (ऑनलाईन) :-** दिनांक २५.०४.२०२३ रोजी दुपारी १४:०० नंतर अधिक्षक अभियंता (वि), मुंबई प्रादेशिक विदयुत मंडळ, सा.बां. विभाग मुंबई.

**Name of Work :** 2) Est. No. CR/MESD/MS/3684 of 2022-23 Providing Fully comprehensive maintenance and Operations of Network Structured Backbone Cabling system installed at main building Mantralaya. Mumbai. (For 3 Years)

**Estimated Cost :** Rs. 2,98,08,060/-

**ई- निविदा पुर्व बैठक वेळ व ठिकाण (ऑनलाईन) :-** दिनांक २६.०४.२०२३ रोजी दुपारी १४:०० नंतर मुख्य अभियंता (वि), मुंबई, सा.बां. विभाग मुंबई.

**ई-निविदा उपलब्ध कालावधी :-**दिनांक १८.०४.२०२३ दुपारी १३.०० पासून ते दिनांक ०३.०५.२०२३ रोजी दुपारी १३.०० वाजेपर्यंत

**ई- निविदा उघडणे व ठिकाण :-** दिनांक ०४.०५.२०२३ रोजी दुपारी १४.०० नंतर अधीक्षक अभियंता (वि), मुंबई प्रादेशिक विदयुत मंडळ, सा.बां. विभाग मुंबई.

खालील संकेतस्थळावर ई-निविदांची सर्व माहिती उपलब्ध आहे.

१. **https://mahatenders.gov.in**
**(सदर निविदासूचनेमध्ये काही बदल होत असल्यास वरील वेबसाईटवरती कळविण्यात येईल.)**
**2.** कार्यकारी अभियंता दक्षिण मुंबई (विद्युत) विभाग, सा.बां.विभाग, मुंबई फोर्ट, मुंबई, कार्यालयातील सूचना फलक.
**3.** कामाच्या करारनाम्यात पोस्ट क्वॉलिफिकेशन क्रायटेरिया समाविष्ट केलेला आहे.

जा.क्र.-काअ/दमुविवि/नि.लि./**२४४३**/२०२३-२४
दिनांक :-**११.०४.२०२३**

(सुनिता रावते)
कार्यकारी अभियंता
दक्षिण मुंबई विद्युत विभाग,
सा.बां. विभाग, मुंबई.

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४ क्र-५/C२१६

## संपादकीय



छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

### प्रत्याशी चयन

कोई भी चुनाव हो, टिकट न मिलने से नाराज नेता हर दल के लिए समस्या बनते हैं। कई बार तो नाराज नेता विद्रोह करके अपने ही दल के खिलाफ चुनाव मैदान में उतर जाते हैं या फिर विरोधी दल में शामिल होकर उसके प्रत्याशी बन जाते हैं। कभी-कभी वे दल में रहते हुए भितरघात भी करते हैं। इस पर आश्चर्य नहीं कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की ओर से अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करते ही, असंतोष के स्वर सुनाई देने लगे।

टिकट न मिलने से नाराज एक वरिष्ठ नेता जगदीश शेट्टार ने पार्टी के फैसले को अस्वीकार करते हुए विद्रोही तेवर अपना लिए हैं। एक अन्य नेता लक्ष्मण सावदी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता छोड़ने की घोषणा कर दी है। एक अन्य वरिष्ठ नेता ईश्वरप्पा ने संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उनके कई समर्थकों ने भी भाजपा छोड़ने का फैसला किया है। चूंकि भाजपा ने 52 नए चेहरों को चुनाव मैदान में उतारा है, इसलिए यह तय है कि जिन विधायकों का टिकट कटा है, उनमें से कई बगावत की राह पर जा सकते हैं। दूसरी सूची सामने आने पर कुछ और नेता असंतुष्ट के रूप में उभर आएं तो हैरानी नहीं।

भाजपा की तरह कांग्रेस में भी सब कुछ ठीक नहीं। उसके भी कई नेता टिकट न मिलने से नाराज हैं। जहां एक नेता ने कांग्रेस छोड़कर जनता दल-सेक्युलर में जाने की घोषणा कर दी है, वहीं कुछ अन्य ने कहा है कि वह अपने समर्थकों से मिलकर फैसला लेंगे। वे या तो दूसरे दलों में शामिल होकर चुनाव लड़ने की कोशिश करेंगे या फिर निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपनी किस्मत आजमाएंगे। भाजपा, कांग्रेस की तरह जनता दल-सेक्युलर को भी अपने कई नेताओं के असंतोष का सामना करना पड़ रहा है। सबसे दिलचस्प यह है कि देवेगौड़ा परिवार में ही इस पर रार छिड़ गई है कि कौन सदस्य कहां से चुनाव लड़े ?

आज जैसा कर्नाटक में हो रहा है, वैसा ही अन्य राज्यों में देखने को मिलता रहता है। निःसंदेह ऐसा इसीलिए होता है, क्योंकि राजनीतिक दलों ने प्रत्याशियों के चयन के लिए कोई पारदर्शी व्यवस्था विकसित नहीं की है। इस व्यवस्था के अभाव में जोड़तोड़ और वरिष्ठ नेताओं तक पहुंच के आधार पर प्रत्याशियों का चयन हो जाता है। कई बार तो ऐसे प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में आ जाते हैं, जो राजनीति में सक्रिय भी नहीं होते। इनमें मुख्यतः नौकरशाह होते हैं। राजनीतिक दल आंतरिक लोकतंत्र की चाहे जितना दुहाई दें, सच यह है कि वे यह स्पष्ट करने में असमर्थ रहते हैं कि किसी प्रत्याशी का चयन किस आधार पर किया गया और किसी का टिकट कटा तो किस कारण ? अच्छा होगा कि राजनीतिक दल यह समझें कि मनमाने तरीके से प्रत्याशियों के चयन से सबसे अधिक घाटे में वे ही रहते हैं।

## स्व.लक्ष्मण दुबे को श्रद्धांजलि के साथ सम्पन्न हुई हस्ताक्षरम की मासिक काव्यगोष्ठी



**सीखड,** रविवार दिनांक 16/04/2023 को मीरा रोड़ के विरंगुला केंद्र हॉल में साहित्यक सामाजिक संस्था हस्ताक्षरम की 44 वीं मासिक काव्यगोष्ठी सम्पन्न हुई । महानगर के वरिष्ठ कवि लक्ष्मण दुबे जी के निधन पर शोक संतप्त साहित्यक समाज ने एकत्रित हो कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की व साहित्य के प्रति उनके समर्पण के लिए कृतज्ञता व्यक्त किया।

गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि श्री हौसिला प्रसाद ह्लअन्वेषीह्व ने की और संचालन युवा कवि अल्हड़ असरदार ने। वरिष्ठ सायर शमीम अब्बास मुख्य अतिथि व शिवकुमार वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे ।

मृदुला तिवारी महक के वाणी वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई उसके बाद श्रीनाथ शर्मा, रामराज मिश्रा, संदीप प्रजापति, उमेश पांडे, डॉ.संगीता तिवारी, तरूण ह्लतनहाह्व, आनंद पांडेह्व केवलह्व, अनिल कुमार ह्लराहीह्व, रामप्यारे ह्ल रघुवंशी ह्ल, छगन लाल मुथा, सतीश शुक्ला रकीब ह्ल, कल्पेश यादव आदि ने लक्ष्मण दुबे को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए काव्य पाठ किया।

उक्त अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री वाचस्पति तिवारी ने संस्था की कार्यकारिणी घोषित की व अतिथियों सहित कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान प्रमाण पत्र,पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र देकर किया।

वक्ता शमीम अब्बास ने लक्षम्ण दुबे को याद करते हुए भावुक श्रद्धांजलि दी।

अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कवि अन्वेषी ने लक्षमण दुबे जी के व्यक्तित्व व व्यवहार पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया ।।



जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई एवं अभिनन्दन।।
अशोक पवार khandalkar
(अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन)

## कांग्रेस नेता डॉ.आर.आर.सिंह का जन्म दिवस समारोह संपन्न



**मुंबई-** वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉं. आर. आर. सिंह का जन्म दिवस समारोह मुलुंड कालोनी स्थित कांग्रेस कार्यालय पर समारोह पुर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस के नेता,बी के तिवारी, मनोज शिंदे, डॉ.बाबुलाल सिंह, उत्तम गिते, विठ्ठल सातपुते, डॉ सचिन सिंह,एड.दलजीत मान, दयाशंकर सिंह, मोहन लाल राज,संतोष सोनवणे,भवन निमार्ता हरीश सांवला, समाज सेवक डॉ.अमर बहादुर पटेल,चंद्रवीर यादव, रामनाथ लोहार,रमेश सिंह, मोहित सिंह, राजेश इंगले, गयाप्रसाद गुप्ता, मंगला सिंह, विनोद कांबले, समिता कांबले, प्रभाकर कांबले, राजेन्द्र देशमुख, संदीप बरे, अन्नु शेट्टी, शेखर परदेशी, अशोक गायकवाड, पत्रकार अनिल कुमार शुक्ला, जगन्नाथ मोरे, नितीन मनियार,चंदू भानुशाली, भोला सिंह, अतुल चंदे,मनीष ठक्कर, दयाशंकर पाल, चंद्रबली यादव, उमेश वाणी, सुदाम दरेकर, विपुल गोगरी, अजय शर्मा, अवधेश पाण्डेय, संतोष सिंह, आकाश पांडे, वनराणी, प्रदीप कीटानी, मोहन तेजवानी, तुलसी दास शिंदे, जितेंद्र वर्मा, चंद्रभान सिंह, विनोद तन्ना,पटेल भांडुप, प्रेम सांखला, महेश पाटिल, ओमप्रकाश जयसवाल, रामू जयसवाल, कांबले सर, अनिल सिंह, प्रसन्ना ताटरे, जगदीश सिंह, महेंद्र सिंह, मनोज सिंह, मानबहादुर सिंह,रमेश लोहार, अरविंद यादव, विलास सिंह राजपूत, हंशुमति सोलंकी, किशोर ईसराणी, दयाशंकर गुप्ता, स्वर्गीय दादा घाघरे के शिष्य, निक्सन, राजबहादुर गुप्ता,बंसत लोखंडे तिल बहादुर सोनार, कृष्णा विश्वकर्मा, धीरेंद्र शर्मा, अमित उपाध्याय आदि ने शाल एवम पुष्प गुच्छ, भेंट वस्तु प्रदान कर जन्म दिवस पर बधाई एवम शुभ कामनायें दिया।

**आयोजन को सफल बनाने में मोहन** लाल राज, राजेन्द्र उठवाल, रईस खान, जितेंद्र शर्मा, रामु जयसवाल, भगवान किशोर तिवारी, अजय शर्मा, राजीव सिंह ने विशेष योगदान दिया।



केंद्रीय अर्थमंत्री भागवत कराड साहेब यांचे चिरंजीव हर्षवर्धन दादा कराड यांनी आमच्या घरी सदिच्छा भेट दिली या वेळी भाजपा शहर अध्यक्ष तथा नगासेवक दिनेश भैया राजपूत,भाजपा युवा नेते प्रेम भाऊ राजपूत, व्यापरी आघाडीचे जिल्हा उपाध्यक्ष शैलेश भाऊ पोंदे, गजानन वाबळे साहेब व पवार परीवार.

## उत्तरशक्ति सम्मान समारोह संपन्न




**मुंबई-** महानगर के प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक ह्लउत्तरशक्तिह्व के संपादक ओमप्रकाश प्रजापति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन शगुन हाल,माटुंगा पुर्व पर आयोजित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षाविद प्रो.रामजनम प्रजापति द्वारा

किया गया।प्रमुख अतिथि के रुप में वरिष्ठ समाज सेवक डॉ.बाबुलाल सिंह, सी पी प्रजापति, शैलेश घेडिया (सी ए),जगदीश पुरोहित (वरिष्ठ पत्रकार),के के मिश्रा 'बच्चन', भरत शुक्ला, एड.राजेश सिंह, सुरेश प्रजापति उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार शिवपुजन पांडेय, अरविंद तिवारी, आचार्य सुरजपाल यादव, शशिकांत यादव (अध्यक्ष यदुवंशी समाज सेवा संस्था), डॉ. आर. एम. पाल (शिक्षाविद), रमेश प्रजापति,प्रमोद पांडे, संजीव त्रिपाठी,कल्लु गुप्ता, दीनानाथ यादव, अनिल यादव, सी वी निर्मल को प्रशस्ति पत्र, पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

अतिथियों का सत्कार शाल एवम पुष्प गुच्छ प्रदान कर ओमप्रकाश प्रजापति,डॉ शेषधर बिंद, प्रेमचंद मिश्रा ने किया।

समारोह में बडी संख्या में पत्रकार, मिडिया जगत,शिक्षाविद, समाज सेवक उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



डॉ श्रीराम विश्वकर्मा जी ने नया विश्वकर्मा हॉस्पिटल घाटकोपर स्थित रमाबाई नगर में खोला है गरीबों के लिए या अस्पताल वरदान साबित होगा इस शुभ अवसर पर ग्लोबल केयर फाउंडेशन की टीम वहां पहुंचकर डॉक्टर साहब को शुभकामनाएं और ढेर सारी बधाइयां दी साथ ही साथ उत्तर प्रदेश से आए योगेन्द्र प्रसाद (राजेश) विश्वकर्मा जी जो बांगर खुर्द करौंदीकलां सुल्तानपुर के प्रधान भी हैं और संस्था के शुभचिंतक हैं साथ ही साथ संस्था के कोऑर्डिनेटर ओमप्रकाश विश्वकर्मा जी ओर सचिव राजेंद्र गुप्ता जी भी मौजूद थे



दिनांक 14 अप्रैल 2023 को कार्यालय दहिलामऊ उत्तरी प्रतापगढ़ पर विश्वरत्न दार्शनिक मानवतावादी, सामाजिक चिंतक बुद्धिस्ट संविधान के निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 132 वीं जयंती प्रदेश महासचिव मौलिक अधिकार पार्टी राम बहादुर शर्मा मंडल अध्यक्ष प्रयागराज सत्येंद्र कुमार शर्मा जिला कोषाध्यक्ष कृपा शंकर शर्मा प्रदीप कुमार शर्मा संजय कुमार शर्मा की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर मनाया गया तथा बाबा साहब के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया नमो बुद्धाय।

राम बहादुर शर्मा
प्रदेश महासचिव मौलिक अधिकार पार्टी।

# मानस परिवार मुंबई का अयोध्या में श्रीरामचरित मानस पाठ सम्पन्न



**अयोध्याः-(कदम कदम पर)** जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्री स्वामी विश्वेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज,दिव्यदेश,श्री सुग्रीव किला श्रीअयोध्या जी के सानिध्य में मानस परिवार सेवा ट्रस्ट(रजि)मुंबई की तरफ से पावन श्रीधाम अयोध्या के सुग्रीव किला में11और12 अप्रैल को संगीतमय अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ(24 घंटा)का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान प्रमोद पांडेय और उनकी धर्मपत्नी रेखा पांडेय ने रामायण पाठ के समापन पर हवन और पूजा सम्पन्न कराया।

यज्ञ के समापन पर सैकड़ों साधू संतों के अलावा हजारों श्रीराम भक्तों ने भंडारा का महाप्रसाद ग्रहण किया।

आयोजन को सफल बनाने के लिए बद्री प्रसाद पांडेय(वकील) सभाजीत मिश्रा,प्रमोद कुमार हंसराज पांडेय,कृष्णमिलन शुक्ला,रविन्द्र प्रसाद पांडेय,डॉक्टर सिंह,शिव कुमार सिंह,जयप्रकाश प्रजापति,श्याम शंकर मिश्रा,सूर्य कुमार तिवारी,विरेंद्र दूबे,पवन प्रजापति,शुभम मिश्रा आदि ने अपना कीमती समय और बहुमूल्य योगदान दिया।

**फोटोः-कपिलदेव खरवार**


# मनमाने दाम पर टैंकर और बोतल में बंद पानी की सप्लाई



**मुंबई :** मुंबई में दिनों-दिन पानी की समस्या विकट होती जा रही है।कई जगहों पर लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं तो कई जगहों पर पानी की ६० प्रतिशत से ज्यादा कटौती कर पानी की सप्लाई हो रही है।इसमें दो राय नहीं है कि यह सब मनपा की लापरवाही के चलते ही हो रहा है। पानी समस्या पर मनपा के मिसमैनेजमेंट का ही परिणाम है कि इन दिनों मुंबईकर भुगत रहे हैं। एक तरफ जहां मुंबईकरों को मानसिक त्रास हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ पानी टैंकर और बॉटल माफियाओं की चल पड़ी है। मनमाने दाम पर टैंकर और बोतल में बंद पानी की सप्लाई हो रही है। मनपा इस मामले में अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए साफ कह रही है कि अभी लोगों को पानी की सुव्यवस्था के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा। मनपा अधिकारियों की मानें तो अभी २० दिन पानी की समस्या जस की तस रहेगी।

आज़ादी का अमृत महोत्सव | महाराष्ट्र शासन | G20

महामानव
आपले आदर्श : आपली प्रेरणा


भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर
(१४ एप्रिल १८९१-६ डिसेंबर १९५६)

१४ एप्रिल
भारतरत्न
डॉ. बाबासाहेब
आंबेडकर
जयंती

- सामाजिक न्याय विभागाच्या योजनांसाठी १६ हजार ४९४ कोटी रुपयांची तरतूद.
- भारतरत्न डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर यांच्या इंदू मिल येथील भव्य स्मारकाचे काम प्रगतिपथावर.
- रमाई आवास योजनेंतर्गत ग्रामीण व शहरी भागाकरीता १ लाख ५० हजार घरकुलांचे उद्दिष्ट निश्चित.
- बार्टीच्या सर्व प्रशिक्षणाच्या योजना प्रभावीपणे राबविणार.
- बार्टीतर्फे देण्यात येणारी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर राष्ट्रीय संशोधन अधिछात्रवृत्ती ८६१ विद्यार्थ्यांना देण्याचा निर्णय मंजूर.
- सामाजिक न्याय विभागांतर्गत येणारी महामंडळे व बार्टीमार्फत आगामीकाळात एक लाख युवक-युवतींना रोजगाराभिमुख प्रशिक्षण मिळणार.
- जागतिक स्तरावर रोजगाराच्या संधी उपलब्ध होण्यासाठी बार्टीमार्फत फ्रेंच, रशियन, जपानी, जर्मन आणि स्पॅनिश या भाषांचे शिक्षण देणार.
- संजय गांधी निराधार व श्रावणबाळ योजनेतील अर्थसहाय्यात १००० रुपयांवरून १५०० रूपये वाढ.
- ज्येष्ठ नागरिकांसाठी राष्ट्रीय वयोश्री योजनेचा विस्तार आणि प्रत्येक महापालिका क्षेत्रात विरंगुळा केंद्र.

असामान्य, अद्वितीय महामानवाला
जयंतीनिमित्त विनम्र अभिवादन!


नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री
देवेंद्र फडणवीस
उपमुख्यमंत्री
एकनाथ शिंदे
मुख्यमंत्री

https://mahasamvad.in | /MahaDGIPR | /MaharashtraDGIPR | माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय, महाराष्ट्र शासन

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४ क्र-५/C २१४

# महाराष्ट्र में नहीं रुक रहीं सड़क दुर्घटनाएं, 3 साल में मरने वालों की संख्या चौंकाने वाली, जारी हुआ आंकड़ा

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में पिछले साल 2022 में सड़क हादसों में कुल 14,883 लोगों की मौत हुई थी. जबकि तीन साल पहले 2019 में यह आंकड़ा 12,788 था. आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है. आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक राज्य में तीन साल के दौरान सड़क हादसों में मरने वाले लोगों की संख्या में 2,095 का इजाफा हुआ है जबकि ऐसी घटनाओं की संख्या में तीन साल पहले की तुलना में 2022 में 144 की वृद्धि हुई है.

आंकड़ों के अनुसार 2019 में 32,925 की तुलना में पिछले साल राज्य में 33,069 सड़क दुर्घटनाएं हुई. जबकि 2019 की तुलना में 2022 में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 0.44 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, मृत्यु दर में 16.38 प्रतिशत की वृद्धि हुई, हालांकि इस अवधि के दौरान दुर्घटनाओं में घायल होने वाले लोगों की संख्या 28,628 से घटकर 27,218 थी. सड़क हादसों का मुद्दा तब सुर्खियों में तब आया. जब राज्य के रायगढ़ जिले में पुराने मुंबई-पुणे राजमार्ग पर शनिवार (15 अप्रैल) को एक बस के खाई में गिर गई . बस के खाई में गिरने से पांच नाबालिगों सहित 13 लोगों की मौत हो गई और 29 घायल हो गए.




## महाराष्ट्र में चार करोड़ से अधिक वाहन हैं

लेकिन 2021 में यह संख्या बढ़ गई और 2022 में यह सिलसिला जारी रहा. महाराष्ट्र में चार करोड़ से अधिक वाहन हैं और लगभग 18,000 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों सहित राज्य के 3.25 लाख किलोमीटर के सड़क नेटवर्क पर वाहनों का घनत्व हर साल बढ़ रहा है. आठ मार्च को प्रकाशित महाराष्ट्र की नवीनतम आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, एक जनवरी, 2023 तक राज्य में वाहनों की संख्या 4.33 करोड़ थी.

### पुणे से मुंबई जा रही थी बस

बस में कुल 42 लोग सवार थे और यह पुणे से मुंबई जा रही थी जब यह बोर घाट पर्वत के पास 300 फीट गहरी खाई में गिर गई. यह हादसा मुंबई से 70 किलोमीटर दूर खोपोली के पास हुआ. बोर घाट पर्वत को खंडाला घाट के नाम से भी जाना जाता है. कोविड-19 महामारी के मद्देनजर लागू किए गए लॉकडाउन के कारण महाराष्ट्र में 2020 में सड़क दुर्घटनाओं और उसके कारण होने वाली मौतों में कमी देखी गई थी.

## आधिकारिक आंकड़े बताती है ये बातें

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र के 34 जिलों और 11 बड़े शहरों में, अधिकांश जिलों और शहरों में सड़क दुर्घटनाओं, मौतों और घायलों की संख्या में वृद्धि हुई है. इन जिलों और शहरों में केवल कुछ ही ऐसे हैं, जहां दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आई है. वर्ष 2022 में सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक वृद्धि यवतमाल (454) में हुई, इसके बाद अहमदनगर (256), पिंपरी-चिंचवड़ शहर (249), पुणे ग्रामीण (213) और पालघर जिले (132) का स्थान रहा. मृत्यु दर में सबसे अधिक वृद्धि अहमदनगर (135), उसके बाद बुलढाणा (96), चंद्रपुर (75), यवतमाल (72) और सोलापुर जिले (69) में हुई.

## बीजेपी अपने दम पर महाराष्ट्र में नहीं बना सकती सरकार... शिंदे गुट के सांसद कीर्तिकर का बयान



**मुंबई:** शिवसेना सांसद गजानन कीर्तिकर ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र में अपने बल पर शासन नहीं कर सकती और उसे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ गठबंधन करना होगा। उन्होंने कहा कि पिछले साल पार्टी में विभाजन के कारण शिवसेना के वोट विभाजित हो गए थे, लेकिन मतदाताओं के भरोसे को फिर से जीता जा सकता है। कीर्तिकर ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''भाजपा अपने बल पर महाराष्ट्र में शासन नहीं कर पाई और न कर पाएगी। इसे शिवसेना के साथ गठबंधन करना होगा क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन (शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और भाजपा) के पास प्रतिबद्ध वोट बैंक है।'' मुंबई से सांसद कीर्तिकर ने यह भी दावा किया कि महाराष्ट्र में कोई भी एक दल अपने बल पर शासन नहीं कर सकता, चाहे वह भाजपा हो, शिवसेना या राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) हो। उन्होंने दावा किया, ''राकांपा प्रमुख शरद पवार ने अपने बल पर सत्ता पर काबिज होने की कोशिश की थी, लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाए।''

# नासिक से अतीक अहमद का गुर्गा गुड्डू मुस्लिम गिरफ्तार?





**मुंबई:** बीती रात माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की तीन लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अब कहा जा रहा है की अतीक के गुर्गे गुड्डू मुस्लिम की तलाश में उत्तर प्रदेश की एसटीएफ महाराष्ट्र में नासिक जिले में दाखिल हुई है। यूपी पुलिस को गुड्डू मुस्लिम के महाराष्ट्र के नासिक जिले में छिपे होने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद यूपी पुलिस ने नासिक का रुख किया था। यह खबर सामने आ रही थी गुड्डू मुस्लिम को नासिक क्राइम ब्रांच और यूपी एसटीएफ ने एक जॉइंट ऑपरेशन में गिरफ्तार कर लिया था। हत्या होने के पहले अशरफ ने गुड्डू मुस्लिम का नाम लिया था। फिलहाल यह बात भी अब राज है कि अशरफ, गुड्डू मुस्लिम के बारे में क्या कहना चाहता था। कहा जा रहा है कि नासिक के एक निजी होटल से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। जो गुड्डू मुस्लिम है। गुड्डू सैयद नाम के व्यक्ति से इस संदिग्ध की फोन पर बातचीत हुई थी।

हालांकि, इस मुद्दे नासिक पुलिस ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि जो न्यूज वायरल हो रही है वह पूरी तरह से निराधार है। दरअसल दिल्ली पुलिस की एक टीम हथियार से जुड़े एक मामले में वेलकम होटल में काम करने वाले एक वेटर से पूछताछ करने आई थी। देर रात उसे पूछताछ कर उन्होंने वेटर को छोड़ दिया। एक गैंगस्टर के मोबाइल पर इस वेटर का कॉल आया था। वेटर ने बताया कि उसने मिस्ड कॉल वाले नंबर पर दोबारा कॉल किया तो सामने वाले ने गलती से नंबर डायल करने की बात बताई। बस इतनी ही बातचीत एक कॉल पर हुई थी। इस पूछताछ के बाद वेटर को जाने दिया गया। खास बात यह है कि शख्स गुड्डू मुस्लिम नहीं है। इसके अलावा यूपी एसटीएफ की किसी टीम ने अब तक हमसे कोई संपर्क नहीं किया है।

### कौन हैं गुड्डू मुस्लिम

उमेश पाल शूट आउट के बाद से ही सोशल मीडिया पर गुड्डू मुस्लिम का नाम छाया हुआ है। सोशल मीडिया में वायरल सीसीटीवी फुटेज में बाइक के पीछे बैठकर आया सफेद कमीज पहने भारी कद काठी के बमबाज को लोग बार बार देख रहे हैं। उसके बमबाजी के तरीके पर लोग हैरान हैं। सबकी नजर उसी बमबाज गुड्डू मुस्लिम पर जा रही है। वह बड़े आराम से झोले से बम निकाल पर ऐसे इधर-उधर उछाल रहा जैसे रबर की गेंद फेंक रहा हो। लेकिन उसकी आक्रमकता भी लोगों ने देखा। जब उमेश पाल को गोली लगी तो वह गिर गए। कुछ देर में वह उठकर घर की गली की तरफ भागे तो गुड्डू मुस्लिम ने कूद कर उनकी तरफ बम फेंका। और घर के अंदर तक घुस कर बमबाजी। गली दीवार और घायलों पर बम फेंके। जानकारों का कहना है गुड्डू मुस्लिम अतीक अहमद का एक रिमोट ट्रिगर है जो अचूक है। वैसे गुड्डू मुस्लिम को जरायम की दुनिया में हथछूट बमबाज के रूप में जानते हैं। बाइक पर चलते-चलते बम बांधना, टारगेट पर फेंकना इसके बायें हाथ का काम है। करीब दो दशक से गुड्डू मुस्लिम अतीक अहमद के साथ है। कदकाठी के साथ ही अतीक गैंग में उसका कद भी बढ़ता गया। गुड्डू मुस्लिम ने जुर्म की दुनिया में दो दशक पहले काफी कदम रखा था। यह कुख्यात हिस्ट्रीशीटर श्रीप्रकाश शुक्ला का शागिर्द रहा है। कई बड़े बाहुबलियों के लिए काम किया है। लखनऊ में रेलवे, मोबाइल टॉवर के टेंडर उठवाने अपने आका की मदद करता था।

## नवी मुंबई में महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार समारोह के दौरान ऊष्माघात से सात लोगों की मौत, 24 का इलाज जारी



**मुंबई :** महाराष्ट्र से बड़ी खबर सामने आ रही है। नवी मुंबई के खारघर में रविवार को महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार समारोह के दौरान हीटस्ट्रोक से पीड़ित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 24 का इलाज चल रहा है। यह जानकारी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दी। उन्होंने ने मृतक के परिवारों को 5-5 लाख रुपये देने की घोषणा की है। एकनाथ शिंदे ने कहा, नवी मुंबई के खारघर में महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार समारोह के दौरान हीटस्ट्रोक से पीड़ित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 24 का इलाज चल रहा है। मृतक के परिवारों को 5 लाख रुपये दिए जाएंगे जबकि हम भर्ती लोगों का उचित इलाज सुनिश्चित कर रहे हैं। शिंदे ने कहा, करीब 50 लोगों को नवी मुंबई स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिनमें से 24 अभी भी भर्ती हैं, जबकि बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद वहां से छुट्टी दे दी गई। गौरतलब है कि नवी मुंबई में सामाजिक कार्यकर्ता दत्तात्रेय नारायण उर्फ अप्पासाहेब धर्माधिकारी को महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से सम्मानित करने कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जहां हजारों की संख्या में लोग साबित हुए। इस दौरान 120 से अधिक लोगों को तेज धूप के कारण निर्जलीकरण जैसी भीषण गर्मी से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं हो गई। इसमें से 24 लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

खारघर में 306 एकड़ के विशाल मैदान में धर्माधिकारी के लाखों समर्थक इस भव्य कार्यक्रम में पहुंचे थे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने धर्माधिकारी को महाराष्ट्र महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार प्रदान किया। इस कार्यक्रम लिए लोग सुबह से ही आने लगे थे और यह कार्यक्रम करीब साढ़े 11 बजे शुरू हुआ एवं एक बजे तक चला। इनमें से कई लोग तो शनिवार को ही आ गए थे। यह मैदान लोगों से खचाखच भरा था तथा श्री सदस्य (धर्माधिकारी के संगठन) के अनुयायियों की सुविधा के लिए ऑडियो/वीडियो सुविधाओं का भी प्रबंध किया गया था। बैठने की व्यवस्था खुले में की गयी थी और किसी शेड का इंतजाम नहीं किया गया था। घटनास्थल के निकटतम मौसम केंद्र ने अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

# देश की महान संस्कृति पर हम सबको गर्व



**गाजीपुर।** श्री हरिकृपा पीठाधीश्वर स्वामी हरि चैतन्य पुरी महाराज ने कहा कि हमें अपने देश की अमूल्य व महान संस्कृति पर गर्व है। युवा वर्ग पाश्चात्य सभ्यता के अंधानुकरण को त्याग कर भारतीय संस्कृति के अनुसार जीवन जियें, यदि ना जी सकें तो कम से कम विकृति परिपूर्ण जीवन जीने की कोशिश नहीं करें।

गाजीपुर जिले के मौधा स्थित जगदीश नगर चौराहा पर आयोजित दिव्य अमृतवाणी में भक्तों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे वतन व इसकी महान व अमूल्य संस्कृति पर गर्व है व सभी भारतवासियों को होना भी चाहिए। विश्व बंधुत्व, सर्वे भवन्तु सुखिनः व वसुधैव कुटुम्बकम का भाव रखती है हमारी भारतीय संस्कृति। जिसकी आन,बान,शान को बनाए रखने के लिए असंख्य भारत मां के सपूतों ने अपनी कुर्बानियां हमेशा से दी है ,जिसका गौरव बढ़ाने व बरकरार रखने के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया है। हमें उन कुर्बानियों को व्यर्थ नहीं जाने देना है तथा स्वयं भी आत्मनिरीक्षण करके जानना है कि अपनी भारत मां को जगद्गुरु के पद पर प्रतिष्ठापित करने, इसकी आजादी को बरकरार रखने व शांति का साम्राज्य स्थापित करने में हमारा क्या योगदान है। अधिकारों के लिए लोग आज जागरूक हुए है लेकिन हमारा कर्तव्य क्या है इसका भी पालन करना होगा।

हरि चैतन्य पुरी महाराज ने कहा कि विश्व शांति के अग्रदूत हमारे देश में आज अशांति दुर्भाग्यपूर्ण व चिंता का विषय है, समय रहते जागरूक होकर निःस्वार्थ भाव से मिल जुल कर राष्ट्र व समाजहित को सर्वोपरि रखते हुए यदि समुचित प्रयास किए जाए तो यहां भी शांति होगी ही तथा एक बार फिर संपूर्ण विश्व में शांति का संदेश यही से गूंज उठेगा। उन्होंने कहा कि आज सारे विश्व को शान्ति की आवश्यकता है। शांति मिलती है परंतु दुर्भाग्यवश हम उसे स्थापित नहीं कर पाते। सुख और शांति विचारों में है संतो व गुरूओं की शरण में है यदि इंद्रियों पर नियंत्रण न हुआ तो भी हम शांति प्राप्त नहीं कर सकते। अच्छा बोलो ,अच्छा सुनो ,अच्छा देखो ,अच्छा संग करो, अच्छा विचारों तथा कल्याणकारी संकल्प करो। यदि परमात्मा का स्मरण नहीं है तो हम कहीं भी शांति नहीं पा सकते। हम चाहें तो अपनी गलतियों से भी सीख सकते हैं नहीं तो साक्षात परमात्मा भी आ जाएं तो भी हम उनसे भी कुछ नहीं सीख सकते। यदि एक बार हम अपना दृष्टिकोण बदलकर देखें तो हमको इस सृष्टि में वो अच्छाइयां नजर आएंगी जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की है। उन्होंने कहा की चिंताए त्यागकर प्रभु का चिंतन करो। सभी में परमात्मा के दर्शन करते हुए व्यवहार करो। कर्म, भक्ति, व ज्ञान का जीवन में समन्वय स्थापित करो। असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर तथा मृत्यु से अमृतत्व की ओर आगे बढ़ें। धर्म के उत्थान, अधर्म के विनाश के लिए यथासामर्थ, यथासंभव योगदान अवश्य दें।





# पुलिस सब इंस्पेक्टर ने ली 75000 रुपए की रिश्वत, हुआ गिरफ्तार

**महाराष्ट्र :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को मध्य महाराष्ट्र में एक पुलिस सब इंस्पेक्टर को एक आरोपी व्यक्ति से 75,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने उसकी कार से 9.41 लाख रुपए नकद और 25 तोला (291 ग्राम) सोना भी बरामद किया है। आरोपी गणेश शिंदे (35) कदीम जालना पुलिस स्टेशन से जुड़ा हुआ था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, 51 वर्षीय शिकायतकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिसने मामले में कुछ मदद के लिए पीएसआई से



संपर्क किया था। हालांकि, शिंदे ने कथित तौर पर उस व्यक्ति की मदद के लिए एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी, जिसने उसे 75,000 रुपए देने पर सहमति जताई और साथ ही औरंगाबाद में एसीबी इकाई में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने कहा कि एसीबी ने शिकायत का सत्यापन किया और बुधवार शाम को जाल बिछाया और रिश्वत की रकम लेते हुए आरोपी को पकड़ लिया।

हालांकि, पीएसआई ने यह महसूस किया कि वह फंस गया है और अपनी कार में भाग गया। एसीबी के जवानों ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया। पुलिस ने बाद में उसकी कार से नकदी और सोना बरामद किया और उनके स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही थी। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने हिंगोली जिले के जालना और सेनगांव में शिंदे के आवासों पर भी तलाशी ली है।



डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४ क्र-५/C १३७

# बाप बना हैवान, अपनी ही 4 साल की मासूम बेटी के साथ 5 साल तक करता रहा रेप, अब मिली सजा...

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने 48 वर्षीय एक व्यक्ति को अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के जुर्म में कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि मामले में अनावश्यक या अनुचित सहानुभूति दिखाने की जरूरत नहीं है। अदालत ने 11 अप्रैल को अपने आदेश में कहा, ऐसे मामले आजकल बढ़ रहे हैं और इससे निपटने के लिए सजा के एक निवारक सिद्धांत का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।



अदालत के आदेश की एक प्रति शनिवार को उपलब्ध कराई गई। यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रहे कल्याण के जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पी आर अष्टुरकर ने कहा, आरोपी को आजीवन कठोर कारावास की सजा दी जाती है, जिसका मतलब है अब आरोपी अपना बचा हुआ जीवन कारावास में गुजारेगा।

अदालत ने अभियुक्त पर 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक कादंबिनी खंडागले ने अदालत को बताया कि ठाणे जिले के कल्याण शहर के अंबिवली के रहने वाले व्यक्ति की पत्न ी तब मर गयी जब उसकी बेटी करीब दो साल की थी। खंडागले के अनुसार तब अभियुक्त अपनी बेटी एवं बेटे के साथ मुंबई आ गया और वह करीब 2011 से अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म करने लगा, 2011 में पीड़िता चार-पांच साल की थी।

उन्होंने बताया कि लड़की जब 10 वर्ष की हुई तब उसने नवंबर 2016 में पुलिस को इस अपराध के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि उसके बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अदालत ने कहा कि पीड़िता अन्य सरकारी योजनाओं के अलावा आरोपी से मुआवजे की भी हकदार है। न्यायाधीश ने यह भी निर्देश दिया कि पीड़िता को मुआवजे के अलावा जुमार्ना राशि (यदि वसूल की जाती है) का भुगतान किया जाए।

# डोंबिवली में शादी से इनकार करने पर महिला पर चाकू से हमला

**कल्याण :** शादी से इनकार करने पर गुस्साए युवक ने 25 वर्षीय महिला के पर धारदार चाकू से प्राणघातक हमला कर गंभीर रूप से जख्मी किए जाने का मामला प्रकाश में आया हैं। घायल महिला के भाई की शिकायत पर हमलावर आरोपी जिग्नेश मोरेश्वर जाधव के खिलाफ जान से मारने का प्रयास करने का मामला दर्ज कर लिया गया हैं। मामले की जांच तिलक नगर पुलिस कर रही हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, डोंबिवली पूर्व स्थित दत्त नगर निवासी राहुल अंबादास बोडके (27) ने तिलक नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाते हुए पुलिस को बताया कि 14 अप्रैल की रात उसकी बहन पैदल अपने घर जा रही थी और वह जैन मंदिर के सामने रोड पर पहुंची तभी उसकी जान पहचान का देसले पाड़ा निवासी आरोपी



जिग्नेश मोरेश्वर जाधव ने उसे रोक कर कहा कि तू मुझे जानती हैं, मैं तुझसे शादी करूंगा और महिला ने शादी करने से इनकार किया तो वह गुस्सा हो गया। पहले से ही अपने पास रखे धारदार चाकू निकाला और उससे काजल पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। राहुल बोडके की शिकायत पर तिलक नगर पुलिस ने जिग्नेश जाधव के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज कर लिया हैं औ▪ आगे की जांच करने में जुट गई हैं।

# ईद की छुट्टी मनाने जा रहे थे 6 पुलिसकर्मी

## ट्रक ने मारी टक्कर... मौके पर मौत !




**पाकिस्तान :** पाकिस्तान में ईद की छुट्टियों में घर लौट रहे छह पुलिसकर्मियों की बलूचिस्तान प्रांत में ट्रक से टक्कर होने से मौत हो गई। एक मीडिया रिपोर्ट में रविवार को यह जानकारी दी गई। खुजदार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फहद खोसो ने बताया कि बलूचिस्तान प्रांत के वाध इलाके में क्वेटा-कराची राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार की रात विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने पुलिस वाहन को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही सभी छह लोगों पुलिसकर्मियों की मौत हो गई।

### पाकिस्तानी केन्द्रीय मंत्री की सड़क हादसे में मौत

पाकिस्तान के एक केंद्रीय मंत्री की भी बीती शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। केंद्रीय धार्मिक मामलों के मंत्री मुफ्ती अब्दुल शकूर राजधानी इस्लामाबाद में एक सड़क हादसे का शिकार हो गए। मंत्री इफ्तार के वक्त एक स्थानीय होटल से सचिवालय चौक की ओर जा रहे थे। इस दौरान पांच लोग सवार एक कार उनकी तरफ तेजी से आई और टक्कर मार दी। इलाज के लिए तुरंत मंत्री को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन ज्यादा खून बहने की वजह से उन्हें बचाया नहीं जा सका।

### आतंकवादियों से मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मियों की मौत!

**एक अलग घटना में, पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में हुई गोलीबारी में दो सैनिकों और आठ आतंकवादियों की मौत हो गई। पाकिस्तानी सेना ने शनिवार को कहा कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान में एक ठिकाने पर छापेमारी के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। सेना ने कहा कि मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) देश की कानून प्रवर्तन एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ हमलों में वृद्धि के लिए जिम्मेदार है।**

# दुबई के रिहायशी इमारत में लगी भीषण आग...

## 16 लोग जिंदा जले, मरने वालों में चार भारतीय भी शामिल



**दुबई :** दुबई में शनिवार (15 अप्रैल) को एक रिहायशी इमारत में भीषण आग लग गई. इस आग दुर्घटना में कुल 16 लोगों की मौत हो गई. इसमें केरल के एक दंपति सहित कम से कम चार भारतीय भी शामिल हैं. दुबई के मीडिया ने इस बात की जानकारी रविवार (16 अप्रैल) को दी. दुबई सिविल डिफेंस ऑपरेशंस रूम को शनिवार को दोपहर 12.35 बजे दुबई के पुराने इलाके अल रास की एक इमारत में आग लगने की सूचना मिली. मिली जानकारी के अनुसार इमारत की चौथी मंजिल पर भीषण आग लग गई और अन्य क्षेत्रों में फैलने लगी.

सिविल डिफेंस मुख्यालय की टीम घटनास्थल पर पहुंची

### इमारत में सुरक्षा की कमी...

**वतनपल्ली ने कहा कि वो दुबई पुलिस दुबई में भारतीय वाणिज्य दूतावास के अलावा अन्य राजनयिक मिशनों और पीड़ितों के दोस्तों, रिश्तेदारों के साथ संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं. दुबई सिविल डिफेंस के प्रवक्ता ने कहा कि शुरूआती जांच से पता चला है कि इमारत में पर्याप्त सुरक्षा आवश्यकताओं की कमी थी. इसमें कहा गया है कि अधिकारी आग लगने के कारणों पर एक विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए व्यापक जांच कर रहे हैं.**

दुबई सिविल डिफेंस मुख्यालय की एक टीम आग लगने की जगह पर पहुंची और इमारत में रह रहे लोगों को बाहर निकालना शुरू कर दिया. पोर्ट सईद फायर स्टेशन और हमरियाह फायर स्टेशन से भी टीमों को बुलाया गया. अखबार के रिपोर्ट के मुताबिक दोपहर 2:42 बजे (स्थानीय समयानुसार) आग पर काबू पा लिया गया था.

### मरने वालों में पाकिस्तान और नाइजीरियाई भी शामिल

**दुबई पुलिस मुर्दाघर में मौजूद एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता नसीर वतनपल्ली का हवाला देते हुए अखबार ने बताया कि पीड़ितों में केरल के एक दंपति सहित चार भारतीयों की पहचान की गई है. वतनपल्ली ने कहा कि अब तक हम 4 भारतीयों की पहचान करने में कामयाब रहे हैं. इसमें से केरल के एक दंपति और तमिलनाडु के दो पुरुष शामिल हैं. ये लोग इमारत में काम करते थे. वहीं मरने वालों में 3 पाकिस्तानी और एक नाइजीरियाई महिला भी शामिल है.**

# ठाणे को बोरीवली से जोड़ने वाली १०.२५ किलोमीटर लंबी भूमिगत सुरंग परियोजना

**मुंबई :** मुंबई में ठाणे को बोरीवली से जोड़ने वाली १०.२५ किलोमीटर लंबी भूमिगत सुरंग परियोजना पर निर्माण कार्य मानसून से पहले शुरू करने की बात कही गई है। हालांकि, इसके पूर्ण होने की संभावनाएं नजर नहीं आ रही हैं। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) ने दो पैकेजों में टेंडर जारी किया है। अगर सब कुछ योजना के अनुसार हुआ तो परियोजना समय पर शुरू हो जाएगी। इस मार्ग से ठाणे और बोरीवली के बीच मौजूदा ६० मिनट के आवागमन में १५ से २० मिनट की कटौती होगी, जबकि १०.५ लाख मीट्रिक टन ईंधन की बचत होगी। यह कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में ३६ प्रतिशत की कमी में भी योगदान देगा। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) और मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्राष्ट्रक्चर्स लिमिटेड



(एमईआईएल) मुंबई में ठाणे-बोरीवली जुड़वां सुरंग परियोजना के निर्माण के लिए बोलियों के खुलने के बाद केवल २ बोली दाता हैं। बोलियों को अब तकनीकी मूल्यांकन के लिए भेजा गया है, जिसे पूरा होने में कुछ महीने लग सकते हैं।

एमएमआरडीए ने दिसंबर २०२२ में २ सिविल पैकेज के तहत अपने सिविल निर्माण के लिए अज्ञात अनुमान और ४ साल की समय सीमा के साथ निविदाएं आमंत्रित की थीं। परियोजना की कुल अनुमानित लागत १३,२०० करोड़ रुपए है। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) की इस सड़क परियोजना में संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (एसजीएनपी) के तह से होते हुए करीब २०.८ किमी की सड़क सुरंगें और दोनों सिरों पर १ किमी की सड़कें होंगी।

# गैर परंपरागत औद्योगिक इकाइयों के लिए बसा नोएडा आज पूरे देश के लिए रोल मॉडल बना

**नोएडा, एजेंसी।**
दिल्ली से सटे बसे नोएडा में पहले से अब बहुत कुछ बदल चुका है। कभी आतंक के पर्याय रहे नोएडा में अप्रत्याशित बदलाव आया है। गैर परंपरागत औद्योगिक इकाइयों के लिए बसा नोएडा आज पूरे देश के लिए रोल मॉडल बन चुका है। यहां बड़ी कंपनियां के ऑफिस, फैक्ट्रियां भी हैं। यहां की सड़कें, हाईवे भी यात्री को काफी सहूलियत देते हैं। आइए आपको बताते हैं कि नोएडा की नींव कैसे रखी गई।




17 अप्रैल साल 1976 को नोएडा शहर की स्थापना हुई थी। इसे न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण कहते हैं। देश के 20,316 हेक्टेयर में नोएडा फैला हुआ है। कई क्षेत्रों में पूरी तरह से विकसित और अपने अद्वितीय बुनियादी ढांचे के साथ कई नोएडा एक अलग स्थान रखता है। यह शहर अतुलनीय सुविधाएं प्रदान करने के साथ प्रदूषण रहित उच्च जीवन स्तर और अत्यधिक सहायक औद्योगिक वातावरण प्रदान करता है।

**कहां बसा है नोएडा?:** नोएडा उत्तर में हा॥-24 बाई-पास से घिरा हुआ है, जिसके आगे गाजियाबाद विकास क्षेत्र मौजूद है। पूर्व में रिवर हिंडन, जिसके आगे ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एरिया मौजूद है, पश्चिम में यमुना नदी, जिसके आगे दिल्ली व हरियाणा राज्य हैं और दक्षिण में यमुना व हिंडन नदियों का मिलन बिंदु है।

17 अप्रैल 1976 के बाद से नोएडा ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में न सिर्फ देश में, बल्कि विदेश में भी अलग पहचान बनाई है। बल्कि करीब 12 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार देने वाले इस इंडस्ट्रियल हब से मिलने वाला राजस्व भी पूरे देश में सबसे ज्यादा है। शहर के चार इंडस्ट्रियल एरिया में नॉन पलूटिंग इंडस्ट्री लगी हैं। यहां बने उत्पाद की देश की स्थानीय बाजारों से लेकर विदेश तक में निर्यात की मांग है। बिजली और नई यूनिटों को लगाने के लिए जमीन की कमी होने के बावजूद नोएडा की इंडस्ट्रीज ने देश में अलग पहचान बनाई है। ग्रेटर नोएडा के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट भी बन रहा है, जो देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। इसका काम जोरों से चल रहा है। इसमें ढांचागत सुविधा, कामर्शियल आदि इमारतें बन सकेंगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण में 1334 हेक्टेयर में निर्माण कार्य चल रहा है। अगले साल सितंबर, 2024 में एयरपोर्ट से यात्री सेवाएं शुरू होंगी। नोएडा एयरपोर्ट कार्गो का हब होगा। एयरपोर्ट के पूर्वी हिस्से में कार्गो टर्मिनल का निर्माण हो रहा है। इसके लिए विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने कार्गो टर्मिनल के लिए एआइसैट्स के साथ अनुबंध किया है।

कंप्यूटर/सॉफटवेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स, फूड प्रॉडक्ट, एयरकंडिशनिंग, पैकेजिंग, इंडस्ट्रियल इक्यूपमेंट, हाउस होल्ड इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट, लैंप, इलेक्ट्रिकल इक्यूपमेंट, टॉर्च, नमकीन, स्वीट, पान मसाला और अचार आदि हर तरह के प्रॉडक्ट बनाने वाली कंपनियां यहां स्थित हैं। करीब 10 हजार से अधिक यूनिट वाले इंडस्ट्रियल हब नोएडा में मल्टीनेशनल ग्रुप के अलावा देश के नामी औद्योगिक घराने जैसे फ्लैक्स, टाटा, भारतीय, भीलवाड़ा, फोनिक्स, मफतलाल आदि ने अपनी फैक्ट्रियां स्थापित कर रखी हैं। सुई से लेकर मोबाइल सिम और एरोप्लेन तक के पार्ट यहां की इंडस्ट्रीज बना रही हैं। एयरपोर्ट को आसपास के शहरों से जोड़ा जाएगा। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से मेट्रो से भी जोड़ा जाएगा।

**फिल्म सिटी की खास पहचान**

शहर की फिल्म सिटी को नॉर्थ इंडिया का अकेला टीवी और फिल्म इंडस्ट्रीज का सेंटर होने का गौरव प्राप्त है। चैनलों पर आने वाले कई सीरियल और रिएलिटी शो फिल्म स्टूडियो में ही शूट हुए हैं। प्रदेश में फिल्म इंडस्ट्रीज को बढ़ावा और रोजगार का अवसर देने के लिए 1988 में मुंबई और चेन्नई के नामी फिल्म प्रोड्यूसरों की ओर से डिजाइन किए प्रोजेक्ट को अमलीजामा पहनाया गया था। सेक्टर-16 ए में 28 करोड़ प्रतिवर्ष के टर्न ओवर से यहां के 21 प्लॉटों को 13 फिल्म स्टूडियो के लिए अलॉट किया।

# कार्गो हब होगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, 3 तरफ बनेगी 130 मीटर चौड़ी पेरिफेरल सड़क



**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।**
नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पूर्वी दिशा में पेरिफेरल रोड व बफर जोन बनाया जाएगा। इस रोड के जरिये ग्रेनो वेस्ट से एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल पर सीधे पहुंचा जा सकेगा। बफर जोन की आरक्षित जमीन को भविष्य में जरूरत के हिसाब से उपयोग किया जाएगा।

इसमें ढांचागत सुविधा, कामर्शियल आदि इमारतें बन सकेंगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण में 1334 हेक्टेयर में निर्माण कार्य चल रहा है। अगले साल सितंबर में एयरपोर्ट से यात्री सेवाएं शुरू होंगी। नोएडा एयरपोर्ट कार्गो का हब होगा। एयरपोर्ट के पूर्वी हिस्से में कार्गो टर्मिनल का निर्माण हो रहा है। इसके लिए विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने कार्गो टर्मिनल के लिए एआइसैट्स के साथ अनुबंध किया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. के नोडल अफसर शैलेंद्र भाटिया का कहना है कि कार्गो टर्मिनल को कनेक्टिविटी के लिए पूर्वी दिशा में पांच सौ मीटर चौड़ाई तक भूमि का बफर जोन बनाया जाएगा। इसमें पेरिफेरल रोड भी होगी। उत्तर दिशा में पेरिफेरल रोड व बफर जोन के लिए बाद में जमीन खरीदी जाएगी। एयरपोर्ट की तीन दिशाओं में पेरिफेरल रोड बनाई जाएगी। उत्तर व पूर्व में रोड के साथ बफर जोन होगा। इसमें भविष्य की जरूरतों को देखते हुए जमीन आरक्षित रखी जाएगी।

प्राधिकरण ने किसानों से सहमति के आधार पर जमीन क्रय करने का फैसला किया है। इस पर किसानों से आपत्ति और सुझाव मांगे हैं। एयरपोर्ट की पेरिफेरल रोड 130 मीटर चौड़ी रोड से जुड़ेगी। यह रोड ग्रेनो वेस्ट से शुरू होकर सिरसा तक बन चुकी है।

# जेडीएस ने 50 उम्मीदवारों की दूसरी सूची की जारी, देवेगौड़ा की बहू भवानी को नहीं मिला टिकट

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
जनता दल (सेक्युलर) ने कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 50 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। हासन सीट को लेकर तमाम अटकलों को खत्म करते हुए पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा की बहू भवानी रेवन्ना की जगह एच पी स्वरूप को मैदान में उतारा है।


बता दें कि भवानी हासन से चुनाव लड़ने पर जोर दे रही थीं। पार्टी ने शुरू में 49 उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की, लेकिन बाद में एक और नाम जोड़ा। हासन सीट विवाद का एक प्रमुख मुद्दा बन गई थी, क्योंकि भवानी ने आखिरी समय तक इस सीट पर अपना दावा छोड़ने से इन्कार कर दिया। हालांकि, जेडीएस नेता एच डी कुमारस्वामी ने बार-बार स्पष्ट किया था कि उन्हें इस सीट से नहीं उतारा जाएगा। हासन जिला पंचायत की पूर्व सदस्य भवानी रेवन्ना, कुमारस्वामी के बड़े भाई एच डी रेवन्ना की पत्नी हैं। अपने भाई रेवन्ना के साथ मौजूद कुमारस्वामी ने हासन सीट से उम्मीदवार के रूप में स्वरूप के नाम की घोषणा करते हुए कहा कि रेवन्ना और भवानी की सहमति तथा एच डी देवेगौड़ा के आशीर्वाद से नाम को अंतिम रूप दिया गया है। सूची में शामिल अन्य नामों में मौजूदा विधायक एच डी रेवन्ना (होलेनरसीपुरा), के एस लिंगेश (बेलूर), एच के कुमारस्वामी (सकलेशपुर) और सी एन बालकृष्ण (श्रवणबेलगोला) शामिल हैं। वाई एस वी दत्ता को कडूर से मैदान में उतारा गया है। दत्ता ने जद (एस) छोड़ दिया था और कांग्रेस में शामिल हो गए थे, लेकिन हाल में टिकट से इन्कार किए जाने के बाद पार्टी में लौट आए। हाल में जेडीएस में शामिल हुए पूर्व मंत्री ए मंजू को अरकलागुडु से मैदान में उतारा गया है। वह पूर्व में कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों में रह चुके हैं।

# बम स्क्वाड और फायर ब्रिगेड की टीम मैके पर पहुंची

**नोएडा, एजेंसी।** सेक्टर-49 कोतवाली क्षेत्र स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में बम मिलने की सूचना पर शुक्रवार को हड़कंप मच गया। पुलिस के मुताबिक सेक्टर-51 स्थित स्कूल प्रबंधन को शुक्रवार को एक इमेल प्राप्त हुआ, जिसमें लिखा गया कि उनके सभी शहरों में जितने भी स्कूल हैं वहां बम लगा हुआ है। थोड़ी ही देर में धमाका हो सकता है। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तत्काल बम स्क्वायड और फायर ब्रिगेड के साथ स्कूल पहुंची और पूरे परिसर को चेक किया। यहां किसी प्रकार का बम नहीं मिला। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है। एडिशनल डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इस बात की जानकारी की जा रही है मेल किसने भेजा और इसके पीछे की वजह क्या है। सूचना मिलने के उपरांत स्कूल प्रबंधन के साथ ही पुलिस टीम के माथे पर चिंता की लकीरें दिखी।

# देश के कई हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार, बनी हुई है लू की स्थिति

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश में कई राज्यों में लू का कहर जारी है। विभिन्न हिस्सों में पारा का स्तर 40 डिग्री सेल्सियस को भी पार कर गया है। राजस्थान, झारखंड, ओडिशा और बिहार जैसे कई राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं, जहां मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में भीषण गर्मी की चेतावनी दी है। कुछ राज्यों में आने वाले दो दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की उम्मीद है। बिहार में गर्मी के बढ़ते तापमान के कारण कई जगहों पर पारा 40 डिग्री सेल्सियस को भी पार कर गया। इस दौरान पटना में अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि आने वाले कुछ दिनों में राज्य के कई जिलों में तेज गर्मी पड़ सकती है। मौसम विभाग के चेतावनी के मद्देनजर पटना जिला प्रशासन ने शुक्रवार को राजधानी शहर के सभी स्कूल अधिकारियों को अपने समय में संशोधन करने का निर्देश दिया।




शुष्क मौसम एवं तेज धूप के बीच दिल्ली में हर रोज गर्मी नया रिकॉर्ड बना रही है। अब शुक्रवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म हो गया है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच गया, जबकि कई इलाकों में यह 42 डिग्री के करीब जा पहुंचा। शनिवार को भी ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है। दिल्ली में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 39.4 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य स्तर पर 20.4 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में नमी का स्तर 16 से 70 प्रतिशत दर्ज किया गया। वहीं, झारखंड में हीटवेब की स्थिति बनी हुई है। राज्य के कई हिस्सों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर गया। राज्य में अगले दो से तीन दिनों के दौरान मौजूदा तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के प्रभारी अभिषेक आनंद ने कहा कि झारखंड के आधा हिस्से में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। राजस्थान और मध्य भारत से शुष्क हवा के अप्रतिबंधित प्रवाह के कारण अगले दो दिनों में पारा दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में अगले सप्ताह लू की स्थिति का भी सामना करना पड़ सकता है।

# मरीजों की संख्या में दस गुना की बढ़ोतरी होगी!

**मुंबई :** मुंबई में वैश्विक महामारी कोरोना एक बार फिर शामत ला रही है। इस समय शहर खतरे में हैं। यहां फरवरी के आखिरी दिनों से कोरोना ने रफ्तार पकड़ ली है।

शहर में रोजाना मरीजों की संख्या कई गुना बढ़ रही है। जनवरी में जहां १२८ और फरवरी में १२२ मरीज मिले थे, वहीं मार्च में तेरह गुना बढ़ोतरी के साथ १,७१९ कोरोना मरीज सामने आए। अप्रैल के पहले दस दिनों में १,९४१ मरीज दर्ज किए गए हैं। मरीजों की यह बढ़ोतरी आगे भी जारी रहेगी। मनपा प्रशासन ने आशंका जताई है कि मई में मरीजों की संख्या में दस गुना की बढ़ोतरी होगी। इस पृष्ठभूमि में मनपा ने निजी अस्पतालों सहित अपनी पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था तैयार कर ली है।



मार्च २०२० में कोरोना ने मुंबई में दस्तक दिया था। इसके बाद मनपा और तत्कालीन राज्य सरकार की उपाय योजनाओं के चलते कोरोना की तीन लहरों पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया गया था। इसके बाद जनवरी २०२३ में मरीजों की दैनिक संख्या एक अंक में दर्ज होने लगी। हालांकि, मार्च के आखिर से मुंबई में मरीजों की संख्या फिर से बढ़ने लगी है। दूसरी तरफ विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि वर्तमान की तुलना में भविष्य में मरीजों की संख्या में दस गुना वृद्धि होगी। मनपा प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति ऐसी ही रही तो आनेवाले दिनों में शहर में रोजाना चार से पांच हजार रोगी मिल सकते हैं।

# पुलिस ने किया देह व्यापार रैकेट का पदार्फाश...

## महिला कास्टिंग डायरेक्टर गिरफ्तार

**मुंबई :** देह व्यापार चलाने और ग्राहकों को मॉडलों की सप्लाई करने के मामले में दिंडोशी पुलिस ने 27 वर्षीय महिला कास्टिंग डायरेक्टर को गिरफ्तार किया है। सोशल सर्विस ब्रांच ने इस मामले की पूरी जांच की और सबूत के तौर पर घटना का वीडियो भी रिकॉर्ड किया। बता दें कि सोशल सर्विस ब्रांच ने इस अभियान में दो मॉडल्स को बचाया और उन्हें पुनर्वास केंद्र भेज दिया है।



### फिल्मों की कास्टिंग डायरेक्टर हैं आरती मित्तल

आरोपी की पहचान आरती हरिश्चंद्र मित्तल के रूप में हुई है। यह फिल्मों की कास्टिंग डायरेक्टर हैं और ओशिवारा के आराधना अपार्टमेंट में रहती हैं। पुलिस ने बताया कि आरती अगल-अलग प्रोजेक्ट्स के लिए मॉडल्स से मिलती थी और उन्हें अच्छे पैसे की पेशकश कर अपने झांसे में फंसा लेती थी। बता दें कि मित्तल एक अभिनेत्री और कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में भी काम कर चुकी थी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस इंस्पेक्टर मनोज सुतार को गुप्त सूचना मिली थी कि मित्तल देह व्यापार का धंधा चला रही है। इस गुप्त सूचना के आधार पर पीआई सुतार ने एक टीम बनाई और खुद ग्राहक बनकर कास्टिंग डायरेक्टर आरती मित्तल से बात की।

### रंगे हाथ पकड़ा आरती को...

**पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरती मित्तल ने पीआई सुतार को फोन में दोनों मॉडल्स की तस्वीरें भेजी और कहा कि दोनों मॉडल्स या तो जुहू या गोरेगांव स्थित होटलों में आएंगे। सुतार ने गोरेगांव के एक होटल में दो कमरे बुक कराए और दो नकली ग्राहकों को होटल भेजा। मित्तल अपने दो मॉडल्स के साथ होटल पहुंची और उन्हें कंडोम पकड़ाया। आरती की सारी हरकतें स्पाई कैमरे में रिकॉर्ड हो रही थी। इसी बीच सोशल सर्विस ब्रांच ने होटल में छापा मारा और आरती को रंगे-हाथ पकड़ लिया। दिंडोशी पुलिस को इसकी सूचना दी गई और प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी मित्तल को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान मॉडल्स ने पुलिस को बताया कि मित्तल ने हर एक को 15 हजार रुपये देने का वादा किया था।**

### क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर किया गया केस

**दिंडोशी पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि हमने फिल्म इंडस्ट्री में देह व्यापार का रैकेट चलाने और पैसे कमाने के लिए ग्राहकों को मॉडल की सप्लाई करने के कथित आरोपी को गिरफ्तार किया है। हमने आरती के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 370 के तहत मामला दर्ज कर दिया है। आगे की जांच के लिए मामला यूनिट 11 क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया गया है।**

## जनसभा में बोले गृहमंत्री अमित शाह,

# गोवा भारत माता के माथे की बिंदिया...



**मुंबई :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को गोवा के दौर पर रहे। गृहमंत्री ने यहां एक जनसभा को संबोधित किया। शाह ने अपने संबोधन में कहा- मनोहर पर्रिकर न केवल गोवा बल्कि पूरे भारत का गौरव बनकर उभरे। सादगी क्या होती है, सरलता क्या होती है, प्रमाणिकता क्या होती है, इसका परिचय कराने वाले मनोहर पर्रिकर जी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन गोवा की जनता उन्हें कभी भुला नहीं सकती है। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा- कांग्रेस को भले ही गोवा छोटा राज्य लगे, लेकिन हमारे लिए गोवा भारत माता के माथे की बिंदिया है। आने वाले दिनों में हम यहां सारे वादे पूरे कर आपके सामने आएंगे। शाह ने कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए कहा- ''राहुल बाबा ने अपनी एक यात्रा समाप्त की है। पूरे भारत में कांग्रेसी बड़े खुश दिखाई पड़ते थे। उसके बाद नॉर्थ ईस्ट के तीन राज्यों के चुनाव आए। राहुल बाबा ने वहां जोर शोर से प्रचार किया और तीनों राज्यों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया।'' अमित शाह ने कहा- ''मैं आज सिर्फ और सिर्फ साउथ गोवा की सीट के लिए आया हूं। मेरे भाजपा के कार्यकताओं ने कहा है कि साउथ गोवा की सीट पर हम पीएम मोदी को कमल खिला कर देंगे। मैं आज यहां से मल्लिकार्जुन खड़गे को कहना चाहता हूं, राहुल बाबा सुन लो कर्नाटक में भी पूर्ण बहुमत की भाजपा की सरकार बनने जा रही है।''

# आफत बन सकती है ठंडे पानी की एक घूंट!



**मुंबई :** गर्मियों का मौसम शुरू हो चुका है। अप्रैल के महीने में ही गर्मी अपने चरम पर है। कई शहरों में तो तापमान रिकॉर्ड तोड़ रहा है। कुछ लोग गर्मी के सितम से बचने के लिए ठंडा पानी का सहारा लेते हैं। ठंडे पानी की एक घूंट राहत दे देती है लेकिन ये राहत आफत बन सकती है। प्रष्ठीज का ठंडा पानी दिमाग को जाम कर सकता है।

बता दें कि बहुत ज्यादा ठंडा पानी पीने से ब्रेन जाम हो सकता है। शोध में यह बात सामने आई है कि जैसे ही ठंडा पानी नसों तक पहुंचता है दिमाग को एक संदेश देता है, जिसकी वजह से सिर में दर्द की समस्या होने लगती है। कई लोगों को ऐसा लगता है कि ज्यादा देर तक धूप में रहने की वजह से सिर में दर्द हो रहा है लेकिन दर्द का असली कारण तेज धूप से आकर ठंडा पानी पीना होता है। अगर कब्ज की समस्या से परेशान हैं तो भी ठंडा पानी पीने से बचना चाहिए। जब ठंडा पानी पीते हैं तो भोजन शरीर से गुजरते समय सख्त हो जाता है और आंतें भी सिकुड़ जाती हैं, जो कब्ज के प्रमुख कारणों में से एक है। आंतों में सिकुड़न की वजह से पेट में दर्द तथा पाचन संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। इसके अलावा ठंडा पानी पीने से बॉडी में मेटाबॉलिज्म स्लो काम करने लगता है और एनर्जी लेवल डाउन हो जाता है। ठंडा पानी शरीर से पैष्टट को रिलीज नहीं कर पाता जिस वजह से शरीर सुस्त रहता है और आप लो फील करते हैं।

ठंडा पानी हर्ट रेट को भी कम करता है। दरअसल, इससे गर्दन के पीछे मौजूद एक नस प्रभावित होती है, जो हर्ट रेट को धीमा कर देती है। वेगस नर्व पानी के तापमान से सीधे प्रभावित होती है, जिससे हृदय गति धीमी हो जाती है और ये दिल के लिए सही नहीं होता। बहुत ज्यादा ठंडा पानी पीने से पाचन तंत्र भी प्रभावित हो जाता है, जिससे व्यक्ति को खाना पचाने में दिक्कत होने लगती है। जी मिचलाना, पेट फूलने जैसी समस्या हो सकती है और ये उल्टी का कारण भी बन सकती है।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# संध्या चंद्रसेन को मिला सुषमा स्वराज अवार्ड

## आगे बढ़ने के लिए रास्ते खुले हैं, महिलाएं कदम तो बढ़ाएं: संध्या चंद्रसेन

### जरूरतमंद महिलाओं को आत्म-निर्भर बना रही विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** भाजपा महिला मोर्चा, पश्चिम मंडल ने समाज सेवा के क्षेत्र में



सक्रिय आठ नारी शक्तियों को सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित किया। पुरस्कार प्राप्त करने वाली समाजसेवी महिलाओं में संध्या चंद्रसेन, आराधना त्रिपाठी, विद्धा गोवर्धन, शिमला शर्मा, मंजू मित्रा, ममता मिश्रा, सुलभा देशपांडे और सूजा माणेक शामिल हैं। ये अवार्ड भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष चंदना गोस्वामी ने प्रदान किये। सुषमा स्वराज अवार्ड से नवाजे जाने वाली महिलाओं में विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी जरहाभाठा की सचिव संध्या चंद्रसेन भी हैं जो छत्तीसगढ़ में विगत आठ वर्षो से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। संध्या यूँ तो नर्सिंग के बच्चों को कोचिंग और ट्रेनिंग देती हैं लेकिन इसके अलावा वे विविध कलाओं में पारंगत हैं। उनका कहना है जिनमें कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो मंजिल उनसे दूर नहीं। संध्या छत्तीसगढ़ में झाड़ू, चटाई, जूट का बैग, फिनाइल, डिटर्जेन्ट साबुन, दन्तमंजन, हैंडवाश और पेपर बैग बनाने का प्रशिक्षण देकर सैकड़ों महिलाओं



को स्वरोजगार उपलब्ध करा चुकी हैं और महिलाएं अब आत्मनिर्भर हो चुकी हैं। विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी की स्थापना कर संध्या उपासना एजुकेशन ट्रस्ट के साथ मिलकर सैकड़ों जरूरतमंद युवतियों व महिलाओं को सेवा के अवसर प्रदान कर चुकी हैं। उनका कहना है कि जज्बा होना चाहिए। कोई काम कठिन नहीं है। बिना मेहनत किये कुछ भी हासिल नहीं हो सकता। महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर घर की आजीविका में बहुत बड़ी धुरी बन सकती हैं।

संध्या ने महिलाओं का आव्हान किया कि वे घर की चहारदीवारी से एक बार बाहर तो निकले, उनके पढ़ने, लिखने और सिखने के रास्ते खुद उनका इंतजार कर रहे हैं। समाज में महिलाएँ नित नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रही हैं फिर हमे भी डर और झिझक से बाहर निकलकर खुद को आत्म-निर्भर बनाना होगा तभी हम परिवार को आर्थिक दृष्टि से सशक्त बना सकते हैं।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com